**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 27.02.2026**

## थाना खोड़ा पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान वाहन चोरी करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 05 मोटर साइकिल व 01 स्कूटी बरामद ।

**कार्यवाही का विवरणः-** आज दिनांक 27.02.26 को थाना खोड़ा पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान इन्दिरापुरम अण्डरपास के पास से 03 अभियुक्त 1.अतीक अहमद पुत्र श्री हबीब अहमद निवासी गली नं0-02 सैनिक विहार खोड़ा कालौनी थाना खोड़ा गाजियाबाद उम्र करीब 42 वर्ष 2.विक्की पुत्र श्री अनिल महतो निवासी तार वाली गली संगम पार्क खोड़ा कालौनी गाजियाबाद मूल पता ग्राम चैनपुर परली थाना कर्जा जिला मुजफ्फरपुर बिहार उम्र करीब 26 वर्ष 3.सिद्धार्थ पुत्र श्री राजू निवासी नवयुग स्कूल के पीछे राजीव नगर खोड़ा कालौनी थाना खोड़ा गाजियाबाद उम्र करीब 19 वर्ष को 01 चोरी की मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही पर वाल्मीकि गेट के पास राजीव नगर में खाली मैदान से 04 अन्य चोरी की मोटर साइकिल व 01 स्कूटी बरामद हुई । गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना खोड़ा पर धारा 303(2),317(2),317(5) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः-** गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ के दौरान बताया कि साहब हम तीनों मोटरसाइकिल चोरी करते है। यह मोटरसाइकिल हम तीनों ने कालकाजी दिल्ली से चोरी की थी तथा हमने ओर मोटरसाइकिल भी चोरी कर वाल्मीकि गेट के पास राजीव नगर में खाली मैदान में छुपा रखी है। हम लोग मोटरसाइकिल चोरी करके एक स्थान पर छुपा कर इकट्ठा कर लेते है और मौका पाकर चोरी की गयी मोटरसाइकिलों को बेच कर अपनी आजीविका तथा शौक पूरे करने के लिए बेच देते है। इस मोटरसाइकिल को भी हम लोग उसी स्थान पर छुपाने के लिए जा रहे थे कि आपने हमें पकड़ लिया। बरामद मोटरसाइकिल व स्कूटी के सम्बन्ध में पूछने पर बताया कि साहब यह चारों मोटर साइकिल व स्कूटी हमने खोड़ा व दिल्ली से चोरी की है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पताः-**

1. अतीक अहमद पुत्र श्री हबीब अहमद निवासी गली नं0-02 सैनिक विहार खोड़ा कालौनी थाना खोड़ा गाजियाबाद उम्र करीब 42 वर्ष।
2. विक्की पुत्र श्री अनिल महतो निवासी तार वाली गली संगम पार्क खोड़ा कालौनी गाजियाबाद मूल पता ग्राम चैनपुर परली थाना कर्जा जिला मुजफ्फरपुर बिहार उम्र करीब 26 वर्ष।
3. सिद्धार्थ पुत्र श्री राजू निवासी नवयुग स्कूल के पीछे राजीव नगर खोड़ा कालौनी थाना खोड़ा गाजियाबाद उम्र करीब 19 वर्ष।

**बरामदगी का विवरणः-**

- 05 मोटर साइकिल व 01 स्कूटी बरामद।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहासः-

गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध दिल्ली एनसीआर व गाजियाबाद में चोरी करने व चोरी का माल बरामद होने के सम्बन्ध में 05 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

## गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

थाना खोड़ा पुलिस टीम।

# कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत प्रभावी पैरवी कर अपराधी को दिलाई 10 वर्ष के कठोर कारावास व अर्थदण्ड की सजा।

अपराधियों के विरुद्ध मा0 न्यायालय में विचाराधीन मुकदमों की प्रभावी पैरवी कर सजा कराये जाने हेतु श्रीमान् पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद के दिशा-निर्देशन में कमिश्नरेट स्तर पर गठित 'कन्विक्शन सेल' के प्रभावी प्रयासों एवं विवेचक द्वारा साक्ष्यों के आधार पर की गयी विवेचना एवं वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी श्री अखिलेश कुमार द्वारा मा०न्यायालय में की गयी प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप थाना टीलामोड़ कमिश्नरेट गाजियाबाद पर पंजीकृत मुकदमा सम्बन्धित धारा 366/376 भादवि में अभियुक्त अताबुल अंसारी पुत्र मौहम्मद डोमी निवासी शिवालिक एन्कलेव ग्राम अफजलपुर थाना टीलामोड़ गाजियाबाद को मा० न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट) गाजियाबाद, द्वारा आज दिनांक 27.02.2026 को धारा 376 भादवि में 10 वर्ष का कठोर कारावास व 20 हजार रुपये का अर्थदण्ड तथा धारा 366 भादवि में 05 वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

अभियुक्त द्वारा वादिया की पुत्री को शादी करने के बहाने बहला फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में वादिया द्वारा थाना टीलामोड़ कमिश्नरेट गाजियाबाद पर दिनांक 23.06.2022 को उक्त अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

|  |  |  |
|---|---|---|
| **श्री अखिलेश कुमार**<br>वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी | **म0मु0आ0 रेनू**<br>पैरोकार कन्विक्शन सेल | **मु0आ0 विपन कुमार**<br>पैरोकार थाना टीलामोड़ |

## थाना साहिबाबाद पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एटीएम बदलकर फ्रॉड करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 सिक्के पीली धातु के व 14230 रुपये बरामद।

**कार्यवाही का विवरण:-** दिनांक 25.02.2026 को थाना साहिबाबाद पर आवेदिका दिव्याशी निवासी करहैडा मोहननगर गाजियाबाद द्वारा लिखित तहरीर दी और बताया कि दिनांक 22.02.2026 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदिका के भाई से एटीएम कार्ड को बदलकर आवेदिका के खाता से 74188 रुपये निकाल लिए है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना साहिबाबाद पर धारा 303(2),318(4) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया ।जिसके क्रम में आज दिनांक 27.02.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना साहिबाबाद पुलिस टीम द्वारा एटीएम बदलकर फ्रॉड करने की घटना करने वाले 03 अभियुक्त 1.विजय पुत्र अजय नि0 म0नं0 65 गली नं0 3 लक्ष्मी नगर दिल्ली उम्र करीब 36 वर्ष 2.संजय पुत्र बब्लू हल्दर नि0 म0नं0 7/285 लक्ष्मीनगर दिल्ली उम्र करीब 29 वर्ष 3.अर्पित पुत्र महेश कुमार नि0 6/108 सीआर रोड लक्ष्मीनगर स्थाई पता 1/1 सुरेन्द्र नगर अलीगढ़ उम्र करीब 26 वर्ष को 02 सिक्के पीली धातु के व 14230 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण:-**गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ के दौरान बताया कि दिनांक 22/02/2026 को हम तीनों ने एकराय होकर पीएनबी बैंक करहेड़ा से एक लड़के को चालाकी से एटीएम बदलकर हमने कैश 15000 रूपये निकाला था। फिर हमने प्रीत विहार के पास राइट गोल्ड ज्वैलरी शॉप से सोने के 4 सिक्के खरीदे थे जिसमें 2 बार हमने 34,188 रुपये व 25,000 रुपये का भुगतान उसी एटीएम को स्वाइप करके किया था जो हमने एक लड़के से चालाकी से बदला था। हमारे पास जो 02 सिक्के पीली धातु के एवं बिल मिले है यह वही हमने एटीएम बदलकर खरीदे थे।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता:-**

1. विजय पुत्र अजय नि0 म0नं0 65 गली नं0 3 लक्ष्मी नगर दिल्ली उम्र करीब 36 वर्ष।
2. संजय पुत्र बब्लू हल्दर नि0 म0नं0 7/285 लक्ष्मीनगर दिल्ली उम्र करीब 29 वर्ष।
3. अर्पित पुत्र महेश कुमार नि0 6/108 सीआर रोड लक्ष्मीनगर स्थाई पता 1/1 सुरेन्द्र नगर अलीगढ़ उम्र करीब 26 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण:-**

- 02 सिक्के पीली धातु के।
- कुल 14230 रुपये।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास:-**

- ➢ गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना साहिबाबाद पर उपरोक्त प्रकरण के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना साहिबाबाद पुलिस टीम।